SUNDAY | 25.01.2026 | माघ शुक्ल-सप्तमी विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

महानगर वर्ष 58 | अंक 9 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO 10 : MIDDLE

## बजाज लाइफ इंश्योरेंस का कैंपस प्लेसमेंट



बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बरेली के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड द्वारा बीटेक और एमबीए 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, बरेली के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. अनुज कुमार, निदेशक-ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट ने कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। चयन प्रक्रिया कंपनी के प्रेजेंटेशन से शुरू हुई। इसके बाद बीटेक और एमबीए 2026 बैच के 22 विद्यार्थियों का फेस-टू-फेस इंटरव्यू हुआ, जिसमें से 6 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी और राहुल सक्सेना का विशेष योगदान रहा।